Fifth Series, Vol. LXI, No. 40

Monday, May 17, 1976
Vaisakha 27, 1898 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

Sixteenth Session
(Fifth Lok Sabha)

सत्यमेव जयते

LOK SABHA SECRETARIAT

NEW DELHI

Price: Rs. 2.00

CONTENTS

No 40, Monday, May 17, 1976/Vaisakha 27, 1898 (Saka)

	Columns
Papers laid on the Table	1—4
Messages from Rajya Sabha	4—5
Bills as passed by Rajya Sabha	5
Finance Bill, 1976—	
Motion to consider	45—55
Shri Hari Singh	5—11
Shri Dhan Shah Pradhan	11—14
Shri Shashi Bhushan	14—17
Shri E. R. Krishnan	17—22
Shri R S Pandey	22—26
Shri Ram Deo Singh	26—29
Shri Sarjoo Pandey	29—35
Shri C. Subramaniam	35—45.49—51
Clauses 2 to 43 and 1	45—57
Motion to pass, as amended	60—72
Shri C. Subramaniam	74—75,84—85
Shri Indrajit Gupta	79—83
Shri Vasant Sathe	84
Coal Mines (Nationalisation) Amendment Bill—	
Motion to consider	89—126
Shri K. C. Pant	89—93, 113—115, —117—120
Shri Samar Mukherjee	93—97
Shri Ram Singh Bhai	97—100
Dr. Ranen Sen	100—104
Shri M. C. Daga	104—105

COLUMNS

Shri Ramavatar Shastri . . . . 105—109

Sardar Swaran Singh Sokhi . . . . . . 109—112

Shri M. Ram Gopal Reddy 112

Shri S C. Besra . . . . 112—113

Shri Ram Deo Singh 113

Clauses 2 to 4 and 1 . . . . 120—124

Motion to pass, as amended . . . . . . 120—126

Shri K. C. Pant . . . . 125—126

LOK SABHA

Monday, May 17, 1976/Vaisakha 27, 1898 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

PAPERS LAID ON THE TABLE

ANNUAL REPORT OF NCDC, NEW DELHI FOR 1974-75 AND 'CORRIGENDUM' TO ANNUAL REPORT OF ICAR FOR 1971-72

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND IN THE DEPARTMENT OF CULTURE (SHRI D. P. YADAV): Sir, on behalf of Shri A. C. George, I beg to lay on the Table a copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Cooperative Development Corporation, New Delhi, for the year 1974-75 under sub section (3) of section 14 of the National Cooperative Development Corporation Act, 1962. [*Placed in Library. See* No LT-10857/76]

Sir, on behalf of Shri Shah Nawaz Khan, I beg to lay on the Table a 'Corrigendum' to the Annual Report of the Indian Council of Agricultural Research, New Delhi, for the year 1971-72. [*Placed in Library. See* No LT-10858/76]

NOTIFICATIONS UNDER CENTRAL EXCISE RULES, 1944

THE MINISTER OF STATE IN-CHARGE OF THE DEPARTMENT OF REVENUE AND BANKING (SHRI PRANAB KUMAR MUKHERJEE): I beg to lay on the Table a copy each of Notifications Nos. G.S.R. 317(E), G.S.R. 318(E) and G.S.R. 319(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 1st May, 1976 issued under the Central Excise Rules, 1944 together with an explanatory memorandum. [*Placed in Library. See* No. LT-10859/76].

TAMIL NADU COMMERCIAL CROPS ASSESSMENT ACT, 1976

SHRI D. P. YADAV. Sir, on behalf of Shri Annasahib P. Shinde, I beg to lay on the Table a copy of the Tamil Nadu Commercial Crops Assessment Act, 1976 (Hindi and English versions) (President's Act No. 5 of 1976) published in Gazette of India dated the 31st March, 1976, under sub-section (3) of section 3 of the Tamil Nadu State Legislature (Delegation of Powers) Act, 1976 [*Placed in Library See* No. LT-10860/76]

ANNUAL REPORTS OF AGRO-INDUSTRIAL CORPORATIONS OF U P AND JAMMU & KASHMIR FOR 1974-75, 1971-72 & 1972-73, A STATEMENT & NOTIFICATIONS UNDER WILD LIFE (PROTECTION) ACT, 1972

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI PRABHUDAS PATEL): I beg to lay on the Table—

(1) A copy each of the following Reports (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 —

Annual Report of the U.P. State Agro-Industrial Corporation Limited, Lucknow, for the year 1974-75 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon. [*Placed in Library. See* No. LT-10861/76]

[Shri Prabhudas Patel]

(ii) Annual Report of the Jammu and Kashmir State Agro-Industries Development Corporation Limited, Srinagar, for the year 1971-72 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(iii) Annual Report of the Jammu and Kashmir State Agro-Industries Development Corporation Limited, Srinagar, for the year 1972-73 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(iv) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the reports mentioned at (ii) and (iii) above. [*Placed in Library. See No.* LT-10862/76].

(2) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (2) of section 63 of the Wild Life (Protection) Act, 1972:—

(i) The Sikkim Wild Life (Stock Declaration) Rules, 1976, published in Notification No. G.S.R. 312(E) in Gazette of India dated the 1st May, 1976.

(ii) The Sikkim Wild Life (Transactions and Taxidermy) Rules, 1976, published in Notification No. G.S.R. 313(E) in Gazette of India dated the 1st May, 1976. [*Placed in Library. See* No LT-10863/76].

CERTIFIED ACCOUNTS OF I.I.T., BOMBAY FOR 1974-75

SHRI D. P. YADAV: I beg to lay on the Table a copy of the Certified Accounts of the Indian Institute of Technology, Bombay, for the year 1974-75 along with the Audited Report thereon, under sub-section (4) of section 23 of the Institutes of Technology Act, 1961 [*Placed in Library. See* No. LT-10864/76.]

11.02 hrs.

MESSAGES FROM RAJYA SABHA

SECRETARY-GENERAL: Sir I have to report the following messages received from the Secretary-General of Rajya Sabha:—

(i) "In accordance with the provisions of rule 111 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to enclose a copy of the Marriage Laws (Amendment) Bill, 1976, which has been passed by the Rajya Sabha at its sitting held on the 12th May, 1976."

(ii) "In accordance with the provisions of rule 111 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to enclose a copy of the Tariff Commission (Repeal) Bill, 1976 which has been passed by the Rajya Sabha at its sitting held on the 12th May, 1976."

(iii) "In accordance with the provisions of rule 111 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to enclose a copy of the Merchant Shipping (Amendment) Bill, 1976, which has been passed by the Rajya Sabha at its sitting held on the 12th May, 1976."

(iv) "In accordance with the provisions of rule 111 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed

to enclose a copy of the Pharmacy (Amendment) Bill, 1976, which has been passed by the Rajya Sabha at its sitting held on the 12th May, 1976."

11.04 hrs.

BILLS AS PASSED BY RAJYA SABHA

SECRETARY-GENERAL: Sir I lay on the Table of the House the following Bills, as passed by Rajya Sabha:—

(1) The Marriage Laws (Amendment) Bill, 1976.

(2) The Tariff Commission (Repeal) Bill, 1976.

(3) The Merchant Shipping (Amendment) Bill, 1976.

(4) The Pharmacy (Amendment) Bill, 1976.

11.05 hrs.

FINANCE BILL, 1976—*contd.*

MR. SPEAKER: The House will now take up further consideration of the Finance Bill for which eleven hours were allotted. Nine hours are already over and two hours are left. The Finance Minister will reply to the debate at 12 O'clock.

श्री हरि सिंह (खुर्जा) : माननीय अध्यक्ष जी, फाइनेंस बिल पर सदन में पिछले कई घंटों से चर्चा चल रही है और यह खुशी की बात है कि भारत का जो अर्थ का भंडार है वह पिछले सालों के मुकाबले में इस बार तेजी से बढ़ा है, और भारत की जो देनदारियां थीं, जो कर्ज से लदा हुआ था अब वह हल्का होता हुआ नजर आ रहा है। अगर आप पिछले सालों के मकाबले में पिछले वर्ष तथा पिछले वर्ष के आखिरी हिस्से का मुकाबला करें तो आप को प्रसन्नता होगी कि जो आर्थिक संकट देश में था, जो आर्थिक मुसीबत मुल्क में छायी हुई थी और देश में निराशा का वातावरण था उस पर हमारी सरकार ने अपनी दक्षता से, नई आर्थिक नीतियों से तथा 20 सूत्री कार्यक्रम के जरिये जो छिपा हुआ धन था उसको बाहर निकलवा कर देश के अन्दर एक खुशहाली का वातावरण पैदा किया है। हम देखते हैं कि यह पहला साल है कि हम विदेशों से कर्ज लेने के बदले में अपनी सेवाओं के बदले में तथा अपनी नई नई चीजें विदेशों में भेज कर करोड़ों रुपया और करोड़ों रुपए की मिल्कियत दूसरे देशों से प्राप्त कर रहे हैं। अब तक यह कहा जाता था कि भारत में पेट भरने के लिए नहीं है, बौरों और ईंट की पौलिसी चलती है, लेकिन आज खेती, उद्योग और जीवन के अन्य क्षेत्रों में हमारा आर्थिक ढांचा दिन प्रति दिन सुधरता चला जा रहा है। बड़ी खुशी होती है जब हम यह कहते हैं कि विदेशों को अपना माल भेज कर, रेल के इंजन बाहर भेज कर रुपया वसूल कर रहे हैं, लेकिन साथ ही हमें यह कहने में आज प्रसन्नता होती है कि आज हिन्दुस्तान से एक नहीं सैंकड़ों की तादाद में इंजीनियर्स, डाक्टर्स, प्रोफेसर्स और दूसरे पेशे में काम करने वाले भारतीय लोग विदेशों में जाकर उनके निर्माण में लगे हुए हैं और अपनी सेवाओं के बदले बहुत सारा धन देश में भेजते हैं। तो यह जो वर्ष चल रहा है यह भारत की खुशहाली का एक नया दौर शुरू करने वाला है।

20 सूत्री कार्यक्रम के जरिये देश का जो एक जर्जरित आर्थिक ढांचा था उसको आगे ले जाने में इन सूत्रों ने बड़ा महत्वपूर्ण योगदान किया है। आज अगर आप सफर करें तो सारे देश में चारों तरफ निर्माण कार्य होते हुए आपको दिखाई देंगे, निर्माण की एक लहर सी दिखाई पड़ती है, चारों तरफ कुछ न कुछ चीज बनती नजर आयेंगी। तो जो हमारा आर्थिक ढांचा है इस वक्त इसकी नींव बड़ी गहरी होती चली जा रही है, और जो देश आर्थिक रूप से अपनी जड़ें मजबूत करेगा वही दुनियां में बड़ा

(श्री हरी सिंह)

मुल्क बनेगा । भारत की आबादी, इसका क्षेत्रफल और इसकी अपनी परम्परा तथा संस्कृति विवश करती है कि हिन्दुस्तान को दुनिया के देशों में एक बड़ा देश बनना है ।

अगर आप देखें तो आज हमारे विदेशों से जो ताल्लुकात हैं, पड़ोसी मुल्कों से जो कुछ दिनों से ताल्लुकात बिगड़े हुए थे, उन में आज सुधार आ रहा है और यही नहीं चीन जैसे मुल्क से आज राजनीतिक संबंध हमारे सुधरे हैं । अभी हाल में पाकिस्तान से जो समस्यायें थीं उनको नए रूप से एक नई जिन्दगी शुरू करने के लिए अवसर दिया गया है ।

यह चिन्ता का विषय है कि फरक्का के इश्यू को लेकर बांगला देश और हिन्दुस्तान के जो आपसी ताल्लुकात हैं उनमें तथा दूसरे मुद्दों को लेकर के एक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है । पर हिन्दुस्तान की नीति हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ अमन की रही है, शांति की रही है । वह किसी मुल्क की सीमाओं मे घुस कर या किसी मुल्क मे तोड़ फोड़ की नीति चला कर उसको अपने आधिपत्य मे नही लेना चाहता है । आप जानते ही हैं कि बंगला देश मे एक के बाद एक ऐसी घटनाएं घटा जिनसे मालूम पड़ता है कि जो बाहर की ताकतें हैं वे वहा अन्दर बैठ कर मुल्क मे हिंसा का वातावरण पैदा कर रही हैं ।

मैं यह कह रहा था कि हिन्दुस्तान वह मुल्क है जो आज अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए बड़े सुधरे और ठोस कदम उठा रहा है । आज नई नई चीजें हमारे देश के सामने आती चली जा रही हैं ।

मैं जिस जिले से आता हूं, वह बेतिहर जिला है और वहां पर गेहूं की पैदावार हिन्दुस्तान के किसी एक जिले के मुकाबलतन सब से ज्यादा है । पर आप यह देखें कि हमारे जिले में एक आर्थिक संकट आया हुआ है क्योंकि वहां के किसान को अपनी गेहूं की पैदावार की बहुत सस्ते दामों पर बेचना पड़ रहा है और यह भी हो रहा है कि उसको मंडियों से निराश हो कर वापस आना पड़ता है । इसके अलावा उसको वक्त पर पैसा नहीं मिल पाता है, उसको समय पर चैक नहीं मिलता है और अगर चैक बना भी दिया जाता है तो लिखने में कुछ गलती कर दी जाती है, जिससे चैक से पैसा मिलने में बहुत समय लग जाता है । इसके अलावा उसका जो माल होता है, उसको कम तोला जाता है । आवश्यकता इस बात की है कि किसानों को इन्सेन्टिव्स दिया जाए क्योंकि अच्छी फसल तैयार कर के वह हिन्दुस्तान को सैल्फ-सफीशियेंसी की तरफ ले जा रहे हैं, लेकिन इस वक्त किसान को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । इस लिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि ये जो किसानों की समस्यायें हैं, इनको हल करने के लिए सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

एक बात और मैं कहना चाहता हूं । आज हमारे मुल्क मे रुपए की कमी है हालांकि हालत काफी सुधरी है । आपने डाक के टिकटों पर एडवारटाइजमेंट की मुहर लगा कर कुछ पैसा इकट्ठा करने का विचार किया है । इस संबंध मे मैं भी एक सुझाव देना चाहता हूं और वह यह है कि जो चैक-बुक होती है, जो बैंको द्वारा दी जाती है, यह आम तौर पर सब बैंक मुफ्त मे देते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप और रुपया इकट्ठा करना चाहते हैं और आर्थिक संकट को दूर करना चाहते हैं तो जो चैक बुक दी जाए, वह फ्री नहीं देनी चाहिए । कुछ न कुछ पैसा जो चैक-बुक की बुकलेट होती है और जिसमें 20 या 25 चैक होते हैं, उसके वसूल किए जाने चाहिएं । मैं समझता हूं कि इस छोटे से आइटम से देश के अन्दर करोड़ों रुपया आमदनी हो जाएगी । आखिर चैक बुक छापने में कुछ पैसा भी खर्च होता है और अगर 10 नए पैसे भी कम से कम रखा जाए तो

काफी आमदनी होगी क्योंकि देश में हर जिले में, हर शहर में और हर एक बिजनेस सैंटर में चैक इस्तेमाल होते हैं और लाखों की तादाद में चैकों का आदान-प्रदान होता है। अगर एक चैक का दाम दो नए पैसे भी रखा जाए, तो इससे मुल्क के खजाने में दसियों करोड़ रुपया आमदनी हो जाएगी। पहली बार मैंने यह आमदनी की आइटम बताई है, जिसकी तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए। यह एक ऐसा सोर्स है जिससे किसी को नुकसान नहीं पहुंचने वाला है और किसी को ओवरबर्डन किये बगैर यह आमदनी मुल्क को मिल सकती है। मैं चाहता हूं कि सरकार इस ओर जरूर ध्यान दे।

आज मुल्क के अन्दर से गरीबी को निकाला गया है लेकिन आज भी आमदनी में जो फर्क है, उसको मिटाना चाहिए। आज भी आप देखते हैं कि ऐसे आदमी हैं जिनकी रोजाना की आमदनी लाखों रुपए तक की है और दूसरी तरफ ऐसे भी इन्सान हैं जिनका जीवनयापन भी मुश्किल से होता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब हमारी सरकार ने समाजवाद का लक्ष्य अपने सामने रखा है और उसके लिए वह बड़ी गम्भीरता से कोशिश भी कर रही है और हमारे जो प्लानर्स हैं उनके सामने भी यह सवाल है कि इकोनामिक जेनरेशन हो, तो ऐसी हालत में जो धन है, जो दौलत है, वह कुछ हाथों में इकट्ठा न हो और उसका फैलाव हो। इसके लिए हमारी सरकार सतत प्रयत्न बड़ी गम्भीरता के साथ कर रही है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि जो आमदनी में फर्क है, उस को मिटाना चाहिये और समाजवाद और समानता के रास्ते में जो यह एक रोड़ा है, जो आर्थिक असमानता लोगों के बीच में है, यह बहुत बड़ी दीवार है, इस को समाप्त करना चाहिये।

यही नहीं, आप देखें कि मुल्क के अन्दर ऐसे बहुत से काम धंधे हैं जिन को लेकर सरकार अपनी आमदनी बढ़ा सकती है। मिसाल के तौर पर मैं एक छोटी सी बात आप के सामने रखना चाहता हूं जिस के लिये सरकार को कोई बहुत प्रयत्न नहीं करना होगा और वह यह है कि, आपको सुन कर ताज्जुब होगा कि सिगरेट कम्पनियों का रेट आफ प्रोफिट जा है वह 60 फीसदी तक है। इतना बड़ा मार्जिन आप किसी इंडस्ट्री में मुश्किल से पायेंगे। इसलिये, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि सिगरेट कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण करना चाहिये। यही नहीं कुछ सिगरेट कंपनियां तो आज कल होटलों को भी अपने हाथ में ले रही हैं और नये नये होटल बना कर देश के आर्थिक ढांचे को अपने हाथ में करती जा रही है। ये छोटी छोटी चीजें हैं लेकिन रोजाना काम में आने वाली हैं। इसलिये मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि वह सिगरेट कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण करे और उन को अपने हाथ में ले ले। इससे बेहतरीन सिगरेट लोगों को पीने में मिलेगा और वे सस्ती भी होंगी।

चीनी मिलों के बारे में बहुत दिनों से बात चल रही है। आप देखें कि शूगर मिलों पर लाखों करोड़ों रुपये का कर्ज है और कोई चारा नहीं निकल पा रहा है, कोई माध्यम नहीं निकल रहा है कि वह वसूल हो। किसानों का काफी रुपया शूगर मिलों पर बकाया है लेकिन वह उन को मिल नहीं पा रहा है। इसलिए उन का राष्ट्रीयकरण तो होना ही चाहिये लेकिन साथ ही साथ मैं यह चाहूंगा कि जिन मिलों ने इस इंडस्ट्री को चलाया था, उन के घरों पर जो धन दौलत है, उन को भी सरकार को अपने कब्जे में ले लेना चाहिए क्योंकि धन दौलत कमा कर वे लोग तो अलग हो गये और अब उन की टूटी फूटी मिलें पड़ी हुई हैं और उन को वे सरकार को

सौंपना चाहते हैं । इसलिये शूगर मिलों का राष्ट्रीयकरण करने के साथ साथ जो परिवार चीनी मिल चलाते थे; उनके घरों से पैसा वसूल करना चाहिये क्योंकि आज किसानों से उन चीनी मिलों से पैसा नहीं मिल पाता है ।

अन्त में मैं यह कहूंगा कि सरकार ने जो आर्थिक कदम उठाये हैं, उनकी मैं प्रशंसा करता हूं और इस फाइनेंस बिल के पास किये जाने का अनुमोदन करता हूं ।

श्री धनशाह प्रधान (शहडोल) माननीय अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री महोदय ने इस वर्ष जो बजट प्रस्तुत किया है, उस में जो यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया गया है और वर्तमान परिस्थितियों में सरकार ने जो कदम उठाये हैं, उन का मैं स्वागत करता हू । इस सारे देश में सर्वत्र सन्तोष व्यक्त किया जा रहा है । प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों में जो राहत दी गई है, इसकी सबों ने सराहना की है । केन्द्रीय सरकार प्रशासनिक खर्च में कमी करने में सफल हुई है । खाद्यान्न की व्यवस्था सुधरी है, मुद्रा स्फीति में रुकावट आई है । यह आस्टैरिटी का प्रमाण है । इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हू कि देश की अर्थ-व्यवस्था को नियंत्रण में करने के लिए इस से सहारा मिला है म र इस आस्टैरिटी से जीवन-उपयोगी वस्तुओं की कमी की पूर्ति हुई है और उन की कीमतों में गिरावट आई है।

हमारे देश में आदिवासियों की संख्या आज बहुत बड़ी है और उन के विकास के लिए और अधिक प्रयत्न करने चाहिए । इन का विकास देश के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है । आदिवासी क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए । उन के लिए छोटे छोटे काम धन्धे शुरू करने के लिए बैंकों द्वारा ऋण सहायता मिलनी चाहिए । जहां तक रीवा संभाग का सम्बन्ध है, यह मेरे क्षेत्र से लगा हुआ है और वहां पर बाण सागर निर्माण की योजना है । वह अभी तक नहीं हो सका । मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वहां पर ऋण की सुविधाएं, चिकित्सालय, उद्योग और सिंचाई के साधन जुटाये जाएं ।

सभापति महोदय जी हमें देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाने के लिए आदिवासी और कमजोर वर्ग के लोगों की आर्थिक दशा सुधारनी होगी । आदिवासी क्षेत्रों के विकास का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति गावों से कर सके । ऐसा होने पर ही उनकी संस्कृति, रीतिरिवाजों, लोक कथाओं एव अन्य विशेषताओं का विकास होगा ।

भारत की परिस्थितियों को देखकर ही महात्मा गांधी ने कहा था कि हम गाव की ओर चलें । इस प्रकार हमें गांव की ओर चल कर ऐसी योजनाओं का निर्माण करना है जिससे देश के कई भागों में बसे आदिवासियों का विकास हो । आदिवासियों के विकास के लिए हमें एक पृथक योजना आयोग बनाने की आवश्यकता है । हमारा यह प्रयत्न होना चाहिए कि गांव में रहने वाले लोगों की आय में वृद्धि हो और उनके रोजगार साधन बढ़े ।

कोयला खानों और उनमें काम करने वाले मजदूरों से मेरा गहरा सम्बन्ध है । खान मजदूरों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान की आवश्यकता है । जो अधिकारी इस विषय में लापरवाही बरतते हैं, उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए । खानों में काम करने वाले श्रमिकों की दशा में सुधार करने की भी जरूरत है । उनकी मजदूरी में सुधार हो, उनके इलाज आदि की अच्छी व्यवस्था

हों । इन श्रमिकों की पारिवारिक पेंशन जीवन बीमा आदि के विषय में जो पग उठाये गये हैं, वे स्वागत योग्य हैं ।

सभापति जी, हमारे देश में खाद्यान्न उत्पादन को अधिकाधिक बढ़ाने और खेतिहर मजदूरों और गरीब किसानों को अधिकाधिक सुविधाएं देने का जो प्रोग्राम रखा गया है या बनाया जा रहा है, वह कल्याणकारी है । उपभोक्ताओं की जरूरतों के लिए सरकार जो कदम उठा रही है, वह भी स्वागत योग्य है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारा ऐसा प्रयत्न होना चाहिए जिससे आदिवासी क्षेत्रों में जो छोटे छोटे किसान हैं, या अन्य श्रमिक हैं उन्हें जरूरतों की चीजें सस्ते दामों पर उन्हीं क्षेत्रों में उपलब्ध हो सकें । सरकार उपभोक्ता की जरूरतों और उत्पादन दोनों पर दृष्टि रख रही है यह एक यथार्थवादी दृष्टिकोण है ।

कृषि पर हमें अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है । कृषि उपज को खरीदने के लिये विशेष निगम की स्थापना होनी चाहिए । देश में आज छोटे छोटे ट्रैक्टरों की आवश्यकता है । जिनको छोटे-छोटे किसान भी खरीद सकें । देश में किसानों को खेती सम्बन्धी सहायता देने के लिए छोटे छोटे केन्द्रों का जाल बिछाया जाना चाहिये । कृषि मूल्य आयोग ने उपयोगी कार्य किया है । किन्तु इसका कार्य क्षेत्र विस्तृत हो जिससे यह व्यापक रूप से काम कर सके ।

सरकार के विशेष प्रयत्न से आज पूरे देश का वातावरण अधिक शान्त है । इसे मैं औद्योगिक क्रान्ति का उदय ही कह सकता हूं ।

अन्त में मैं वित्त विधेयक का समर्थन करते हुए बजट को एक कल्याणकारी कदम मान कर कहना चाहता हूं कि जिस प्रकार आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने देश की जनता को आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, इसी प्रकार हमारी प्रधान मंत्री जी ने भी देश की जनता का आह्वान किया है कि तुम मुझे सहयोग दो, मैं तुम्हें महान बनाऊंगी । इस प्रकार देश को महान बनाने का कार्य ऐसे ही कल्याणकारी बजट से हो सकेगा ।

श्री शशि भूषण (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष जी, मैं मंत्री महोदय को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने देश की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाया । हमारे देश की रुपये की प्रतिष्ठा बढ़ी है । यह विदेशों में बहुत बढ़ी है इससे हमारे देश में निर्माण कार्य तेजी से हुआ है और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस बहुत सजग होकर काम कर रहे हैं । अभी एमर्जेंसी को एक साल हुआ है । इतने थोड़े अर्से में इतनी तरक्की हुई है तो मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि इस एमर्जेन्सी को दस साल और रखा जाए । (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय जिनकी कुन्द बुद्धि हो, उनकी समझ में यह बात नहीं आ सकती, न मैं उन्हें समझाने का प्रयत्न करूंगा । इतने थोड़े से प्रयत्न से देश में डिसिप्लीन आ गया है, प्रोडक्शन बढ़ गया है ।

अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में 25 हजार करोड़ रुपये का सोना लोगों ने जमीन में गाड़ रखा है । अगर वित्त मंत्री जी किसी तरह से उस सोने को निकाल सकें तो हमारे देश का अधिक निर्माण हो सकेगा । सोने से लोगों को मोहब्बत है, प्रेम है । लेकिन अगर मुल्क मजबूत नहीं है तो यह सोना कई बार देश से बाहर भी चला जा सकता है । जिन लोगों ने यह सोना रखा हुआ है, वे समाज के दुश्मन हैं । सोना आम आदमी के पास तो होता नहीं । जिनके पास सोना है उनसे निकालने का प्रयत्न

[श्री शशि भूषण]

दिया जाए । आप जानते हैं कि देश में दस हजार करोड़ रुपया ब्लैक का मौजूद है और पच्चीस हजार करोड़ रुपये का सोना जमीन में गड़ा हुआ है । पिछले दिनों आपने ब्लैक का कुछ रुपया निकाला भी है और निकालने का प्रयत्न भी कर रहे हैं । इस सोने को भी आप निकाल सकें तो देश में निर्माण कार्य आप तेजी से कर सकते हैं ।

अध्यक्ष जी, हमारे देश में एक करोड़ सरकारी कर्मचारी हैं, सेना में, रेलवे में, और 25 लाख तो हमारे शिक्षक ही हैं । इस तरह से ये एक करोड़ सरकारी कर्मचारी हैं । एक करोड़ अपर मिडिल क्लास के एग्रीकल्चरिस्ट्स हैं जिनके पास ट्रेक्टर हैं और सिंचाई के साधन हैं । एक करोड़ इस देश में ऐसे आदमी हैं जो सस्ता माल लाते हैं और महंगा बेचते हैं । सुबह से शाम तक यही काम करते हैं । एक करोड़ ऐसे लोग हैं, मिस्त्री या मिस्त्री के ऊपर के, जिन्हें स्किल्ड लेबर कहा जाता है । ऊपर से नीचे तक ये चार करोड़ लोग काम करते हैं । इन चार करोड़ लोगों पर पांच पांच आदमी निर्भर करते हैं और बाकी भारत सोता है ।

मैं सूरत की बात आपको बताता हूं । सूरत के क्षेत्र में वन मीलियन लेण्डलेस लेबरर्स हैं । उनकी यूनियन ने पास कर दिया कि पांच रुपये से कम मजदूरी नहीं लेंगे । वहां की पिछली सरकार ने भी पास कर दिया था । लेकिन वहां के लोकल जमींदारों ने यह फैसला कर लिया कि वे लोकल लेबरर्स से काम नहीं लेंगे । एक रुपये रोज पर वे महाराष्ट्र से लेबरर इम्पोर्ट करके ले आते हैं और सूरत के एक मिलियन लेबरर की हालत भूखों मरने की हो गयी है । बीस सूत्री प्रोग्राम में अगर इन चीजों को लागू करना है तो जो लैण्डलेस लेबरर्स के लिए मिनिमम वेज हमने तय किया है, उसको लागू करवाने के काम को भी सरकार इस तरीके से अपने हाथ में ले जिससे कि ये बड़े लोग उन पर हावी न हो सकें । उनके साथ भी वही सख्ती की जाय जो एडल्ट्रेटर के साथ की गयी, ब्लैक मार्केटियर्स के साथ की गयी, करप्शन करने वालों के साथ की गयी । जो लोग मिनिमम वेज नहीं देते हैं, उनको भी मीसा में बन्द किया जाय । ज्यादा लोगों को आपको बन्द नहीं करना पड़ेगा, बहुत सारे लोग तो इससे वैसे ही भय खा जायेंगे । इस तरह से अगर आप इस दिशा में प्रयत्न करेंगे तो लैंडलैस लेबरर्स को मिनिमम वेज आप दिला सकेंगे । आजकल पंजाब और उत्तर प्रदेश में तो थोड़ा अधिक पैसा लैंडलेस लेबरर्स को मिल जाता है । लेकिन मैं गुजरात और मध्य प्रदेश की बात कह रहा हूं जहां एक रुपये से ज्यादा मिनिमम वेज नहीं दिया जाता ।

अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान में चार करोड़ आदमी ऐसे हैं जो मेहनत करके दौलत पैदा करते हैं । अगर सब लोगों को दौलत पैदा करने का मौका दिया जाय तो देश बहुत समृद्ध हो सकता है । हमारे देश में सब कुछ है, पेट्रोल है, लोहा है, सीमेंट है, आदमी हैं, हाथ हैं और शक्ति है । अगर हम इन सब का उपयोग करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को काम दिया जाय तो देश बहुत समृद्ध हो सकता है ।

अध्यक्ष महोदय, लगभग दस मिलियन टन जंगल की लकड़ी इस देश में घरों में जला दी जाती है । बड़े बड़े शहरों में लकड़ी जलाने पर रोक लगनी चाहिए । बड़े शहरों में इसको रोका जाय और कोयला जलाना कम्पलसरी किया जाय । इस

जगह से कोयला निकालने के काम में ज्यादा मजदूर लगेंगे और कोयले का ज्यादा प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। शहरों में लकड़ी जलाने पर कुछ न कुछ बंदिश लगायी जाय। गांवों में बहुत गरीबी है, वहां हम फ्यूल नहीं पहुंचा सकते हैं। वैसे तो हिन्दुस्तान बहुत गरीब देश है लेकिन हमारे देश में फ्यूल का सबसे ज्यादा कंजम्पशन होता है। दुनिया में कहीं इतना नहीं होता। हमारे यहां 8-8 घंटे महिला रोटी बनाती रहती हैं। इस देश में हमें अपनी फूड हैबिट्स को बदलना होगा। जिस रफ्तार से आबादी बढ़ रही है उनको देखते हुए हमें यह करना होगा। हमें हर पांच लाख की आबादी पर एक आटा मिल और एक बेकरी बनानी चाहिए। सारी दुनिया में—चाहे मोवियत संघ हो, चाइना हो, अमेरिका हो, फ्रांस हो, सब जगह सस्ती रोटी बना कर लोगों को मुहैया की जाती है। अपने देश में भी हमे ऐसे कदम उठाने होंगे और लोगों की फूड हैबिट्स को बदलना होगा। फ्यूल कंजम्पशन को भी हम चैनेलाइज करना होगा। अभी से इस दिशा मे हम काम करेंगे तो एमर्जेंसी के दौरान हम लोगों की फूड हैबिट्स को, सोशल हैबिट्स को—सोने की हैबिट्स को—बदल सकेंगे और अधिक से अधिक लोगों को काम दे सकेंगे। अभी से इस दिशा में चलने का हमे प्रयत्न करना चाहिए।

बस इतना ही मैं दरख्वास्त करना चाहता हूं।

*SHRI E. R. KRISHNAN (Salem): Hon. Mr. Speaker, Sir, on behalf of the Anna D.M.K., I rise to express my views on the Finance Bill. I have to point out that the Annual Budget presented before this House by the Hon. Finance Minister for the year 1976-77 and the Finance Bill now under discussion would contribute greatly to the success of the 20-point economic programme of our respected Prime Minister. I need not stress the fact that these two are the potent instruments for effective implementation of the 20-point economic programme. I pay my compliments to the hon. Finance Minister for having formulated such a Budget and Finance Bill which would help in the successful implementation of the 20-point economic programme.

When the country was going through a raging inflation, when the prices of essential commodities were soaring, the hon. Finance Minister had in fact performed a miracle through the current year's Budget. The fiscal measures he has adopted have contained both inflation and soaring prices. The other day the hon. Finance Minister announced concessions amounting to Rs. 9.90 crores in the interest of economic growth of the country. On behalf of A.D.M.K., I pay my humble tributes to the sagacity of our Finance Minister in having presented such a constructive Budget and Finance Bill which have helped greatly the economic growth.

It has been the normal feature that the hon. Finance Minister and the Finance Ministry become the target of attack of all the political parties and also the common people whenever the agricultural production or the industrial production receives a set back. This year it is heartening that both the agricultural production and the industrial production have gone up beyond expectations. The days of scarcity have been replaced by the days of plenty. The fertiliser production this year has gone up so high that there seems to be no buyer; Rs. 100 crores worth of fertilisers are lying stagnant. Many crores worth of handloom cloth, mill cloth are going abegging. The steel production has achieved unprecedented

*The Original speech was delivered in Tamil

[Shri E. R. Krishnan]

record. It has to be welcomed that production in all the sectors has gone up during this year.

Sir, I would like to suggest a new thing in regard to agriculture. Instead of clamouring for agricultural sector, it must be ensured that the agriculturists get much required incentives. The Government must give them free of cost all the inputs of agriculture—electricity, improved variety of seeds, fertilisers, insecticides, pesticides etc. and in return the Government may take one-third or one-fourth of the agricultural produce. If this is done, all the major problems confronting the agriculturists would disappear and consequently the agricultural production would go up. The agriculturists would never lament that they have not got seeds, no fertilisers etc. I understand that such a system is prevalent in some foreign countries. I would appeal to the hon. Finance Minister to examine this proposition seriously.

Many hon. Members had demanded that the maximum rate of incometax should be brought down. I am happy that this year the hon. Finance Minister has brought down the maximum rate of incometax to 66 per cent. This will generate greater investment in industries. The entrepreneurs will no doubt avail of these incentives and come forward to set up new industrial establishments. It is heartening that the Government realised the urgent need for industrial growth and has given this incentive to the industrial entrepreneurs.

There has also been persistent demand on the floor of this House that the exemption limit for income-tax should be raised from Rs. 8000 to Rs. 12000. The Minister of State, Shri Pranab Mukherjee, stated that it would not be possible for the Government to raise the income-tax exemption limit from Rs. 8000 to Rs. 12000. He pointed out that out of the total population of 60 crores only 38 lakh people are assessees now. I would like to point out that if the incometax exemption limit is raised from Rs. 8000 to Rs. 12000 there is the possibility of the number of assessees going up to one crore. There will also be less of incometax evasion. The Department will be able to concentrate their efforts on the large assessees, which will lead to greater revenue for the Government. Here, this must also be borne in mind that the value of rupee in 1965 was on rupee four paise and in 1975 it was only 26 paise. In these circumstances, there is imperative need for raising the income tax exemption limit from Rs. 8000/- to Rs. 12000/-.

Sir, one of the basic reasons for the fall in prices was the Voluntary Disclosure scheme under which a total sum of Rs. 1580 crores was declared; to that extent the black money circulation was reduced. Everyone expected that the disclosures would net exceed Rs. 1000 crores. But the disclosures reached Rs. 1580 crores surpassing all the calculations. This helped greatly in the fall of prices and also in the containment of inflation. If the raids and seizures are intensified in the current year also and if the hidden whealth is declared openly to the extent of Rs. 3000 crores, than it will be a permanent solution for holding the price line; it will also curb the inflationary tendencies for ever. I am sure that the hon Finance Minister will look into this matter with this background.

If the Government want to eliminate black money from the economic scene of our country, then the export trade should be nationalised. This will end for ever the perennial malpractices like over-invoicing and under-invoicing. The quantity of our export commodities will also be not a victim of vitriolic criticism abroad. In other words, the quality of our exports will be upto international standards.

Recently, the Reserve Bank has directed that the dividend declared by the Banks on their shares should not be beyond 12 per cent. This ceiling has acted as a disincentive for the prospective buyers of shares. This will also lead to a steep fall in Bank deposits. I suggest that this ceiling of 12 per cent should be raised further in order to attract more Bank deposits and more buyers of shares. If the Bank deposits go up, naturally that will be used for production purposes, leading to accelerated economic growth.

Sir, if the 20-point economic programme of our Prime Minister is to succeed throughout the country, then the masses of our country must be made aware of the contents and benefits of this 20-point economic programme. I am afraid that the Government's effort in this direction is tardy. The entire population of our country must know what this 20-point economic programme means for their life. This programme must also be implemented in all the States in a uniform manner avoiding any lop-sided benefits to certain sections. The power and irrigation must be in the central sector. All the rivers should be declared as national rivers. The generation of electricity must also be the central responsibility. If the rivers are nationalised, the river-water disputes between the States will be done with. The nation's prosperity lies in this.

Many hon. Members have pointed out that the rural people do not get easy financial credit for meeting their needs. The Central Government must ensure that there is a cooperative Bank or a commercial bank in each Panchayat catering to the financial needs of our framers. Such banks should be authorised to give loans against the golden and silver jewellery belonging to these people. I mean to say that they should get credit facilities quickly without being harassed by so many procedures.

Now that Tamil Nadu is under President's rule, now that Tamil Nadu is being administered by the Governor under the directions of the Central Government, I have to point out certain things which are to be done immediately. The hon. Finance Minister of the Government of India is keen to help the people of Tamil Nadu. The Central Government as a whole went to help the economic needs of Tamil Nadu. In these circumstances, I want to appeal to the hon. Minister of Finance that the basic minimum requirement of Rs. 16.5 crores this year for the Salem Steel plant, the foundation-stone for which was laid by the hon. Prime Minister in 1970, should be sanctioned. I regret to say that only Rs. 3 crores has been sanctioned in this Budget. Rs. 16.5 crores is the minimum requirement of Salem Steel Plant this year. This must be sanctioned. Similarly, the Central Government must expedite the completion of Salem Steel Plant which is the long-cherished dream of the people of Tamil Nadu. Besides this, for the economic development of Tamil Nadu, the Sethusamudram Canal Project, the Naiveli Thermal Plant, the Kalpakkam Atomic Power Plant must be completed at the earliest.

Before I resume my seat, I would like to say that my party, the Anna Dravida Munnetra Kazhagam will actively participate in the successful implementation of 20-point economic programme of our Prime Minister in Tamil Nadu.

श्री राम सहाय पांडे (राजनन्दगांव) : अध्यक्ष जी, आज ही समाचार-पत्र में यह है कि विश्व बैंक ने हमारी आर्थिक स्थिति का जायजा लेते हुए बड़ी आस्था प्रकट की है और यह कहा है कि दुनिया के तमाम देशों में भारत एक ऐसा देश है, जिसने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण कर लिया है, जहां खाद्यान्नों के भाव कम हुए हैं, जहा उत्पादन बढ़ा है। अब संसार के बैंक से, उसके कानसार्शियम के माध्यम से हमको महत्व मिलता है तो यह एक बड़ा संतोषजनक चित्र हमारे सामने

[श्री राम सहाय पांडे]

उपस्थित होता है, जिससे हमें उत्साह मिलता है।

यह वर्ष उपलब्धियों का वर्ष है। ऐसा लगता है कि इस वर्ष कुछ बदले हुए वातावरण मे, कुछ परिवर्तित स्थिति मे, शांतिपर्व या अनुशासन-पर्व की संज्ञा देकर, देश में आर्थिक उन्नति व प्रगति के लिये बडो कान्फियसनैस दिखाई पड़ती है। श्रीमती इन्दिरा गाधी के नेतृत्व मे, देश के आर्थिक विकास के लिये उनके द्वारा दिये गये 20-आचरण, 20-सूत्री कार्यक्रम को सारे के सारे देश मे एक स्वर मे स्वीकार किया गया है, आस्था प्रकट की गई है और उस पर आचरण करना आरम्भ किया गया है। उसी का यह परिणाम है कि औद्योगिक क्षेत्र मे भी उत्पादन बढा है, खेती के क्षेत्र मे भी उत्पादन बढा है। उत्पादन के जितने उपकरण थे, उन सब मे भी उत्पादन बढा है।

अगर समाजवाद के मार्ग पर हमे जाना होगा, तो जो भी हमारे कमिटमेंट्स है, उनको पूरा करना होगा। यह उत्पादन प्रधान है, अगर उत्पादन नही होगा तो हम अपने वायदो को पूरा नही कर सकते।

श्री सुब्रह्मण्यम जी ने अब की बार, शायद पहली बार अपने फाइनेन्स बजट मे कुछ प्राथमिकताए प्रायर्टीज दी है। उन्होंने रूरल इन्टेग्रेटेड डेवलपमेंट स्कीम की एक पुस्तिका तैयार की है जिसमे उन्होने यह कल्पना की है कि हमारी धरती, पानी, खेती के उपकरण, आधुनिकीकरण और जितनी उसकी सामग्री है उसकी साइंटिफिक एप्रोच वैज्ञानिक दृष्टिकोण कैसे होना चाहिए और इस जागृति के लिये 15 करोड रुपये का प्रावधान उन्होंने किया है। क्योंकि अब खेती का शरीर से ही सम्बन्ध नही है उसका सम्बन्ध मस्तिष्क-विज्ञान से बन गया है और इसके लिए प्रायटिज में पानी हाई-ब्रीड बीज, फर्टिलाइजर पेस्टीसाइड्स इत्यादि उनका का प्रावधान किया गया है। इसके, साथ-साथ यह भी प्रावधान किया गया है कि इसकी जिज्ञासा हो, इसकी जानकारी हो और पूरी मालूमात हो। उन्होंने जो यह, कांफियसनैस और रूरल इन्टेग्रेटेड डवेलपमेंट स्कीम के द्वारा दी है और 15 करोड़ रुपये का प्रावधान इसके लिए किया है इस सम्बन्ध मे मंत्री महोदय बधाई के पात्र है।

इसका मतलब यह है कि अब जितना पानी हमारे देश मे है उसे खेती की सिचाई की ओर उन्मुख करना चाहते है। हमारे देश मे पानी की कमी नही है। संसार का 1/10 पानी हमारे देश मे है बहुत-सी रिवर्स है। बहुत-सी रिवर्स का झगडा है। मैं निवेदन करना चाहता हू कि नदियों के झगडे का कोई प्रश्न नही होना चाहिए। यह राष्ट्रीय सम्पत्ति है। जब आप इन्टेग्रेटेड डवलपमेंट की बात सोचते हैं तो पानी जिसे प्रावधानता की कक्षा मे रखा जा सकता है वहा पर आप देखे कि कोई झगडा न हो और जो भी निर्णय केन्द्र कर दे उसे सबको मानना चाहिए। जितने भी विवाद हैं वे सब दूर होने चाहिये।

आपने कहा है कि हमको इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाकर खेती के उत्पादन के साथ-साथ एप्रोच रोड और छोटे-छोटे उद्योगों के माध्यम से जो वहा की लोकल पापूलेशन है वहा के यूथ हैं उनको उनमे लगाना है यह एक बडा अच्छा कन्सैशन है। क्योंकि नगरों का जो बढ़ना है और उनमे स्लम का बढना इसी कारण है कि सारे के सारे नौजवान शहर की तरफ भागते हैं। अगर लोकल इंडीजिनस, छोटे-छोटे उद्योगो के माध्यम से इन्फ्रास्ट्रैक्चर देकर उनको वही रोक दे वही उनको काम दे तो यह एक बड़ी अच्छी बात हैं, जो कि आपने सोची है लेकिन इसके पहले उनको टैक्निकल नो-हाऊ आदि सब बताना चाहिए और जितने आपके पास साधन हैं वह सब के सब गाव की तरफ़ जाने चाहियें। अब बम्बई, कलकत्ता मद्रास, दिल्ली,

या फरीदाबाद के बिन पूरे हो चुके हैं, वहां बड़ा कंसंट्रेशन, केन्द्रीकरण हो गया है। उद्योगों का अब तो देहात की तरफ बढ़ना चाहिए। छोटे-छोटे उद्योगो के प्रति यह बात आपके मन में हैं, यह बिल्कुल ठीक है, लेकिन वह नहीं होना चाहिए कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमजोरी के कारण हम बेकार रहे। हमें भोजन के बाद बेकारी भी दूर करनी है। अगर बेकारी दूर करेंगे तभी भोजन दे सकेंगे। भोजन और काम प्राय: पर्यायवाची शब्द हैं संज्ञा है, जो साथ-साथ चलते हैं। आपको इस तरफ बड़ी सतर्कता के साथ और जागृती के साथ कदम बढ़ाने चाहिएं।

आपको यह वर्ष उपलब्धि का वर्ष रहा है। अब स्टील, सीमेंट, इंजीनियरिंग गडज और टैक्निकल नो-हाउ यहा से एक्सपोर्ट कर रहे हैं, ट्रेड बैलेंस भी पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अच्छे हैं और इस कारण जो विदेशी मुद्रा अर्जित करते है, वह भी बहुत ठीक है।

एक सबसे अच्छी बात यह है कि जो इंडियन ओरिजन के लोग विदेशों मे जाकर बस गये हैं, उनके द्वारा विदेशी मुद्रा अर्जित करके यहा भेजने का जो प्रावधान किया गया है, जो सुविधायें दी है, मै अभी सिंगापुर में था वहां के व्यापारियों ने उसकी बडी सराहना की है। जो पैसा वहां रुका हुआ था, वह अब विदेशी मुद्रा मे ही यहां जमा किया जा सकता है और उसका उपयोग भी विदेशी मुद्रा में बाहर कर सकते हैं। इस तरह से विदेशी मुद्रा आई है और उसका स्वागत किया गया है।

सबसे बड़ा प्रश्न हमारे देश मे अनाज का था। आपने दो-तीन वर्ष की स्थिति देखी है। मैंने मध्य प्रदेश मे देखा कि दाने-दाने के लिए हमारे गांवों में लोग तड़प गए। छत्तीसगढ़ की स्थिति ऐसी है कि अगर पानी होगा तो खेती होगी, धान होगा, अगर पानी नहीं होगा तो सूखा होगा। रबी की फसल में तो यह होता है कि पानी कम भी हुआ तो कुछ न कुछ उगा लेते हैं, लेकिन अगर धान की खेती में पानी नहीं होगा तो बिल्कुल सूखा पड़ेगा। 2 3 वर्ष के कठिन काल के बाद यह वर्ष अच्छा हुआ है और छत्तीसगढ़ में अनाज अच्छा हुआ है।

मेरा निवेदन यह है कि पांचवीं पंचवर्षीय योजना में जो एलोकेशन करते हैं, उसमें पोटैंशियल को भी देखना चाहिए। हमारे यहां नर्बदा प्रधान नदी है, उसके अलावा और भी बहुत सी नदियां हैं, पानी हमारे यहां है, लेकिन सिंचाई का प्रतिशत पंजाब और हरियाणा के मुकाबले बहुत कम है। यह 8 प्रतिशत के करीब है। इस 8 प्रतिशत की सिंचाई से हम तमाम मध्य प्रदेश को खिला नहीं सकते है। नदियो के पानी का एलोकेशन अगर आप एरिया की दृष्टि से करें, पोटैंशियल और प्रोडक्शन को देखकर करे तो हम खेती का विकास ज्यादा तेजी से कर सकते हैं, उत्पादन की दृष्टि से आगे बढ सकते हैं।

मैं फिर इस बात को दोहराते हुए निवेदन करना चाहता हू कि इस 20-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जो मार्गदर्शन हमको मिला है, जो रोशनी मिली है, जिस प्रकार आपने एक प्रैक्टिकल बजट रखा है, और समूचे देश की स्वीकृति प्राप्त की है, एक कांशियसनैस पैदा की है, जागृति की है और उत्पादन ओरिएन्टेड दिमाग पैदा करने की कोशिश की है, इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं।

श्री राम देव सिंह (महाराजगंज) : अध्यक्ष महोदय, फिनांस बिल पर बहस के दौरान माननीय सदस्यों ने देश की प्रगति और कृषि के विकास पर काफी संतोष प्रकट किया है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि गांधी जी कहा करते थे कि जब स्वराज्य होगा तो वह गांवों मे आयेगा। इसलिए मैं

[श्री राम देव सिंह]

माननीय सदस्यों का ध्यान गांवों की स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

मंत्री महोदय किसी भी गांव में चलें और वह अपने साथ अर्थ-शास्त्रियों की एक टोली ले लें, जो इस बात का सरवे करे कि आज से बीस, पच्चीस साल पहले गांवों की जो स्थि ति थी, क्या उसमें कोई सुधार हुआ है । तथ्य यह है कि आज भी गांवों में वही टूटी-फूटी सड़कें है, वही अंधकार है, वही अशिक्षा और बेकारी है, वही पुलिस का जुल्म और घूसखोरी है और जनता में वही भय का वातावरण है ।

सरकार भले ही कितना ढ़िंढ़ोरा पीटे कि उसने गांवों के लोगों और किसानों के रहन-सहन के स्तर में उन्नति की है, भले ही विश्व बैंक ने सरकार के कार्यों की कितनी प्रशंसा की हो, लेकिन मेरा टेस्ट तो गांवों की वास्तविक स्थिति है--अगर वहां के लोगों के जीवन में कोई उन्नति नहीं हुई है, तो सरकार के प्रचार और प्रशंसा का कोई महत्व नहीं है ।

यह ठीक है कि कृषि की पैदावार बढी है । लेकिन क्या वह इमर्जेंसी के कारण बढी है ? जब से सरकार देश की छाती पर तलवार ले कर बैठी है, क्या वह तब से बढी है ? क्या यह क्रम 1967-68 के बाद से शुरु नहीं हो गया था ? जब इस देश में भंयकर सूखा और किसानों में भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई, तब उसने किसानों को मेहनत करने और पानी पैदावार को बढाने के लिए झक झोर दिया । यह ठीक है कि सरकार ने कुछ साधन उपलब्ध कराये, कृषि का विकास हुआ और पैदावार बढी, लेकिन आज किसानों को अपनी पैदावार की कीमत क्या मिल रही है ? सरकार उनको गेहूं की कीमत 105 रुपए प्रतिक्विंटल देती है । लोहे और सीमेंट की पैदावार भी बढी है, लेकिन आज लोहे, सीमेंट और पम्पिंग सैट आदि की कीमत क्या है ? 500 रुपए में बिकने वाला पम्पिग सैट आज 5500 रूपए और 6,000 रुपए में बिक रहा है । 9,000 रुपए या 10,000 रुपए में बिकने वाला जेटर ट्रेक्टर आज 46,000 रुपए में बिक रहा है ।

सरकार की तरफ से बड़ा संतोष प्रकट किया जाता है कि चीजों की कीमतों में ह्रास हुआ है । मगर कल-कारखानों में बनी हुई वस्तुओं की कीमतों में किसी तरह का ह्रास नहीं हुआ है । अगर ह्रास हुआ है, तो इस देश के अन्नदाता , इस देश के प्राण, गांवों के किसान ने जो पैदावार बढाई, उसकी कीमत को सरकार ने घटाया है । पन्तनगर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी ने बताया है कि एक क्विटल गेहूं पैदा करने के लिए किसान को 105 रुपए खर्च करने पड़ते हैं । लेकिन सरकार उसको उतनी भी कीमत नहीं देती है । किसान जब अपना गेहूं बेच कर सिंचाई के लिए पम्पिंग सैट, या घर बनाने के लिए सीमेंट, या खुरपी और कुदाल बनाने के लिए लोहा लेने के लिए जाता है, तो उसको कहीं अधिक पैसा देना पड़ता है । मैं समझता हूं कि सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आने वाले ढ़ाई तीन बरसों में लगभग 30 परसेंट किसान अपने खेतों को बेच कर शहरों की ओर जाने वाले हैं ।

सरकार की तरफ से कहा जाता है कि 20-सूत्री कार्यक्रम एक प्रगतिशील प्रोग्राम है। इस बात को कौन नहीं मानता है ? लेकिन यह 20-सूत्री कार्यक्रम एक दिखावा मात्र बन कर रह गया है । आप चल कर किसी थाने के दरोगा या किसी जिले के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के चरित्र को देखिए अगर उसमें किसी तरह का सुधार हुआ हो, तो मैं सरकार की बात को मान लूंगा ।

मैं ने तो 20-सूत्री कार्यक्रम को एक सूत्र में बांध दिया है और वह एक सूत्र यह है कि आदमी को कर्त्तव्यनिष्ठ होना चाहिए ।

अगर आदमी कर्त्तव्यनिष्ठ होगा, तो वह अनुशासित, दूरदर्शी और मेहनती होगा। क्या सरकार ने देश में कर्त्तव्यनिष्ठ नागरिक पैदा किये हैं ? क्या उसने लोगों की कर्त्तव्य-भावना को जगाया है ? डर और भय के कारण भले ही उनमें कुछ परिवर्तन हुआ हो, लेकिन सरकार ने उन्हें कर्त्तव्य का ज्ञान नहीं कराया है । सरकार उन्हें कर्त्तव्य का ज्ञान अपनी सेवा और अपने चरित्र से ही करा सकती है, तलवार लेकर छाती पर बैठ कर कोई प्रशासक कर्त्तव्यनिष्ठ नागरिक पैदा नहीं कर सकता है ।

सरकार ने अपनी नीतियों के कारण देश को एक बड़ी भारी विपत्ति में डाल दिया है । उसने अखबारों पर अंकुश लगा दिया है । नागरिकों की जुबान बन्द कर दी है और न्यायालयों का दरवाजा बन्द कर दिया है । एक माननीय सदस्य ने कहा है कि अगले दस वर्षों का समय देश के लिए भयंकर होगा । इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार जल्दी से जल्दी प्रजातांत्रिक संस्थाओं और मूल्यों को रेस्टोर करे । आप ने सुना होगा कि भागलपुर जेल में गोली चली है, डैकतियां बढ़ रही हैं, पटना नगर में बैंक को लूटा गया है । सरकार इस 20-सूत्री कार्यक्रम का झुनझुना बजा रही है, लेकिन ला एण्ड आर्डर की स्थिति डेटेरियोरेट कर रही है ।

मैं कहना चाहता हूं कि 20-सूत्री कार्यक्रम से मुझे कोई झगड़ा नहीं है, लेकिन उसको कार्यान्वित करने के लिए एक प्रजातांत्रिक वातावरण में जनता का सहयोग लेना आवश्यक है ।

श्री सरजू पांडे (गाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । इस पांच मिनट के समय में मैं केवल कुछ सुझाव ही दूंगा ।

लोगों को भारी आशा थी कि इमरजेंसी के बाद जो बजट आएगा वह एक नए प्रकार का बजट होगा, लेकिन जैसा कि मेरी पार्टी के माननीय सदस्यों ने कहा है, यह बजट हिन्दुस्तान के सरमायादारों के हक में है और अभी भी उसमें कोई आमूल परिवर्तन नहीं हुआ है ।

जैसा कि सब माननीय सदस्यों ने कहा है, यह बात सही है कि किसानों की पैदावार का दाम गिरा है, मगर दूसरी तरफ़ उद्योगों में पैदा होने वाले माल का दाम नहीं गिरा है । इससे किसानो की कठिनाइयां और ज्यादा बढ़ी हैं । बहुत जगह बिजली और खाद के दामों में वृद्धि के कारण भी किसानों की परेशानियां बहुत बढ़ गई हैं । अगर सरकार उद्योग में पैदा होने वाली चीजों के दाम भी गिराये, तो किसानों के माल के दाम गिराने में कोई आपत्ति नहीं हो सकती है । लेकिन सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है ।

जहां तक 20-सूत्री कार्यक्रम का संबंध है, यूं तो जब से कांग्रेस ने समाजवादी अर्थ-व्यवस्था की चर्चा शुरू की है, तब से लगातार कई प्रकार की अच्छी-अच्छी योजनायें बनाई गई हैं, लेकिन उन पर अमल करने की कोई मशीनरी नहीं है । मैं जोधपुर गया था । वहां गरीबों को उजाड़ा जा रहा है । हर एक आदमी से आल्टरनेटिव जमीन के लिए 500 रुपए की मांग की जा रही है । वे लोग 500 रुपए कैसे दे सकते हैं ?

उत्तर प्रदेश के बारे में मैं साफ़ तौर से कह सकता हूं कि वहां सारा आवंटन केवल कागजों पर हो रहा है । जो लोग जमीन पर कब्जा किये हुए हैं, उनको बेदखल करने की कोई व्यवस्था नहीं है । हम रोज अखबारों में पढ़ते हैं, और रेडियो पर सुनते हैं । कि जमीन का आवंटन हो रहा है । लेकिन इस बारे में जनता का सहयोग नहीं

[श्री सरजू पांडे]

किया जा रहा है। मुख्य रूप से आवंटन का सारा काम ब्यूरोक्रेसी के हाथ में दिया गया है। ब्यूरोक्रेसी जैसी हमारे मुल्क की है उसे आप अच्छी तरह से जानते हैं कि किस तरह से वह गरीबों को लूटती है। जो 20 सूत्री कार्यक्रम का लाभ उन्हें होना चाहिए वह नहीं हो रहा है।

12.00 hrs.

दूसरी तरफ हमारे यहां बुनकरों की समस्या है। बीस सूत्री कार्यक्रम में उनके लिए भी कहा गया है। लेकिन उनकी मांग और खपत का कोई प्रबन्ध अब तक नहीं हो सका है।

मैनेजमेंट में मजदूरों के पार्टिसिपेशन की बात है। उसकी तरफ हमारी पार्टी के लोगों ने और लोगों ने भी ध्यान दिलाया है। आज हालत यह है कि सारे देश में लाक आउट है। कारखाने बन्द हैं और इस एमर्जेंसी का लाभ उठा कर हिन्दुस्तान के पूंजीपति मजदूरों पर भारी अत्याचार कर रहे हैं। मजदूर बेचारे बोल नहीं सकते हैं। अभी मैं मझौली गया था पीलीभीत जिले में। वहां लोगों को निकाल दिया गया है। कोआपरेटिव की मिल है। वहां का मैनेजमेंट कोई बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। एमर्जेंसी से मजदूरों को जो आशा थी, मजदूर यह समझते थे कि एमरजेंसी का इस्तेमाल मुनाफाखोरों और बड़े-बड़े बदमाश लोगों के खिलाफ होगा लेकिन वह आज मजदूरों के खिलाफ हो रहा है। इससे मजदूरों में दिनों-दिन असन्तोष बढ़ रहा है।

मैं माननीय सदस्य की इस बात से बहुत ज्यादा तो सहमत नहीं हूं कि कुछ इस देश में हुआ ही नहीं। मगर मैं यह मानता हूं कि एमर्जेंसी में अखबार बन्द हैं, जलूस नहीं निकल सकते हैं, सभायें नहीं हो सकती हैं, उनके खिलाफ कुछ कहा नहीं जा सकता है। इसलिए पूरी मनमानी पूरे देश में हो रही है। इसको रोकने का कोई न कोई रास्ता निकालना चाहिए।

श्री शशि भूषण : आपके अखबार की तो तादाद बढ़ी है।

श्री सरजू पांडे : हमारे अखबार की तादाद बढ़ती है, हमारा अखबार थोड़ा बहुत बिकता है तो उसको नोटिस मिलती है और रोज टेलीफोन किया जाता है।

अब मैं फेमिली प्लानिंग वाले मामले के बारे में कहना चाहता हूं। बहुत सारे सदस्यों ने यह सवाल उठाया है। यह सरकार कहती है कि हम किसी के साथ जबर्दस्ती नहीं करना चाहते हैं। लेकिन इसी सदन में माननीय रामावतार शास्त्री ने पढ़ कर सुनाया कि किस तरह से सर्कुलर भेजे गये हैं और पुलिस को कहा गया है कि हम तुमको दस रुपए देंगे, तो पुलिस वाले ठेले वालों को, इक्के वालों को, टांगे वालों को घोड़े वालों को सबको पकड़-पकड़ कर लाते हैं और अब तो खुले आम डाक्टरों को घूस देकर झूठा सर्टिफिकेट प्राप्त किया जा रहा है। इस फैमिली प्लानिंग से क्या लाभ होगा। मैं खुद एक मौके पर गया। वहां मैंने देखा कि 60 साधुओं का आपरेशन किया गया था जिनकी उम्र सत्तर साल थी। इस तरह से फेमिली प्लानिंग चलाने से कोई लाभ है? साधु भी, भिखमंगे भी, पागल भी, कोढ़ी भी, सबको पकड़ पकड़ कर ला रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : यह कहां की बात है?

श्री सरजू पांडे : यह हमारे जिले की बात है मैं खुद अपनी आंख से देख कर आया। उत्तर प्रदेश में कि साधुओं को पकड़ कर

लाया गया, उनको साठ साठ रुपये दिये और उनका आपरेशन किया गया । लोग झूठा सर्टिफ़िकेट हासिल कर ले रहे हैं . . (व्यवधान) . . . . फ़ेमिली प्लानिंग के बारे में मुझे यह कहना है कि चाहे सरकार ऊपर से भले ही कहती हो कि जबर्दस्ती नहीं करना चाहते हैं मगर इस तरह के निर्देश सरकारी कर्मचारियों को, अध्यापकों को, चकबन्दी में काम करने वाले अधिकारियों को और दूसरे लोगों को दिये गये हैं । मैं एक केस को जानता हूं कि उस आदमी का आपरेशन कराया गया जिसकी शादी हुई ही नहीं थी और यह कहा गया कि तुमको जमीन दी जायेगी। इस लालच में उसका आपरेशन कराया गया । सरकार को इसे देखना चाहिये ।

